कार्यालय–कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर–02

संख्या : 26 / अदम / जी0ए0 / विविध / 2021 दिनांक :अप्रैल 10 ,2021

कार्यालय–ज्ञाप

आज दिनांक 09.04.2021 को महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा समस्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों एवं कुलसचिवों के साथ सम्पन्न बैठक में दिनांक 11.04.2021 से 14.04.2021 तक टीका उत्सव हेतु दिये गये निर्देशों के कम में विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों / सुरक्षा कर्मियों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्वयं व अपने परिवार के सदस्यों को अनिवार्य रूप से टीका अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र से लगवाकर स्वयं को एवं अपने परिवार को कोविड–19 से सुरक्षित रखें।

उपरोक्त तिथियों पर अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों का कोविड–19 वैकसीन टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराकर विवरण उसी दिन सायं 4:00 बजे सायं तक टीकाकरण प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए कार्यालय को निम्नलिखित प्रारूप पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर अनिवार्य रूप से अपलोड कराना सुनिश्चित करें। जिससे कि उक्त सूचना ससमय राजभवन को प्रेषित की जा सकें।

टीका लगवाने का विवरण :–

कम सं0	अधिकारी / शिक्षक / कर्मचारी एवं परिवार के सदस्यो का नाम	टीकाकरण दिनांक	स्वास्थ्य केन्द्र का नाम	उम्र	अधिकारी / शिक्षक / कर्मचारी से सम्बन्ध	लाभार्थी संदर्भ संख्या

(डा0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अनुभाग प्रभारी, को इस आशय के साथ प्रेषित की अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित शिक्षकों / कर्मचारियों / छात्र–छात्राओं की सूचना उपर्युक्त प्रोफार्मा में प्रतिदिन भरकर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
2. वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. मुख्य चिकित्साधिकारी, कानपुर नगर, कानपुर।
4. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित की गूगल फार्म तैयार कर उक्त प्रोफार्मा अपलोड करना सुनिश्चित करें एवं सम्बन्धित सूचनाओं को प्रतिदिन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर संकलित करते हुए राजभवन को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
5. कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner